आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 09.04.2025 समय : 02.10pm

**प्रधानमंत्री-नवकार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। श्री मोदी ने जलवायु परिवर्तन को आज का सबसे बड़ा खतरा बताते हुए कहा कि इसका मात्र उपाय समावेशी दिनचर्या है जिसका अनुपालन जैन समुदाय सदियों से करता आ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैन समुदाय सदियों से सादगी, स्थिरता और संयम के सिद्धांतों का पालन करता आ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नया भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से नए अवसरों की तलाश कर रहा है और विश्व को आध्यात्म का मार्ग का प्रशस्त कर रहा है। विकसित भारत अभियान का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत का अर्थ - विकास और विरासत के विकास से है। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री ने एक सौ आठ देशों से आए अधिक लोगों के साथ आध्यात्मिक महामंत्र नवकार का जाप किया।

**मुख्यमंत्री पोषण पखवाड़ा**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज धार जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे कुक्षी में आयोजित महिला स्व सहायता समूह सम्मेलन सह पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव का रात्रि में मांडव में रहेंगे। कल मुख्यमंत्री बदनावर में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी के साथ सड़क परियोजना का लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होगें।

बैठक मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के समत्व भवन में तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इंदरसिंह परमार और भी उपस्थित रहे।

**आरबीआई नीति**

भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कमी की है। आज मुम्बई में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि रेपो दर छह प्रतिशत कर दी गई है। रिजर्व बैंक ने पांच वर्ष में लगातार दूसरी बार रेपो दर घटाई है। इससे पहले फरवरी में रेपो दर कम की गई थी। उन्होंने कहा कि खुदरा महंगाई दर 2025-26 में चार प्रतिशत रहने की संभावना है। मौद्रिक समिति की बैठक सात अप्रैल को शुरू हुई थी।

**मौसम**

प्रदेश में लू और तेज गर्मी का दौर जारी है। भोपाल समेत प्रदेशभर में भीषण गर्मी का असर दिखने लगा है। रतलाम-नर्मदापुरम और गुना में तापमान 43 डिग्री के पार दर्ज किया। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, जबलपुर, रतलाम समेत 30 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। अशोकनगर, गुना, रतलाम, मंदसौर और नीमच में हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट है। जबकि ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, सागर, दमोह, जबलपुर, मंडला, सिवनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, नर्मदापुरम, रायसेन, विदिशा, राजगढ़, उज्जैन और आगर-मालवा में लू का येलो अलर्ट है। वहीं, 10 अप्रैल को रतलाम, नीमच, मंदसौर, उज्जैन, धार, जबलपुर और मंडला में भी लू चलेगी। हालांकि 11 और 12 अप्रैल को प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में मौसम बदल जाएगा। कहीं बादल छाए रहेंगे तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

**समाचार संक्षेप**

1. पन्ना सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वी डी शर्मा आज एक दिवसीय प्रवास पर पन्ना के स्थानीय टाउनहाल मे सक्रिय सदस्य सम्मेलन मे भाग लेगे।
2. जल संसाधन मंत्री तुलसी राम सिलावट ने कल नर्मदापुरम जिले के ग्राम पंचायत तीखड में झाड़ बीडा उदवहन सिंचाई परियोजना अंतर्गत 4 पंपों का भूमि पूजन किया।
3. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज गुना में गोवर्धन गौशाला, गौअभ्यारण एवं अनुसंधान केंद्र का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया।
4. भोपाल के मानस भवन में 10 अप्रैल से 12 अप्रैल श्री हनुमान प्रगटोत्सव मनाया जाएगा। इसमें पंडित श्यामजी मनावत का हनुमत कथा पर प्रवचन होगें।
5. अनूपपुर के किरर घाट पर ऑटो और बस में भीषण टक्कर होने से ऑटो में सवार लगभग पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

-----------------------